<u>समाचार</u>

<u>मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना</u>

# <u>07 मार्च को वार्ड क्र. 01, 10, 18, 32, 40, 48, 54, 60 में पहुंचेगी मोबाईल मेडिकल यूनिट</u>

## <u>(अब तक 576 शिविरों के माध्यम से की गई 30058 लोगों की जांच एवं मुफ्त में इलाज)</u>

कोरबा 06 मार्च 2021 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 07 मार्च रविवार को वार्ड क्र. 01, 10, 18, 32, 40, 48, 54, 60 के निर्धारित स्थलों में मोबाईल मेडिकल टीम पहुंचकर शिविर लगाएगी तथा लोगों की मुफ्त जांच एवं निःशुल्क इलाज करेगी, वहीं अब तक 576 शिविरों के माध्यम से कोरबा निगम क्षेत्र में 30058 व्यक्तियों की मुफ्त जांच एवं उनका निःशुल्क इलाज किया जा चुका है।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्लम क्षेत्र में रहने वाले लोगों को उनकी बस्ती घर एवं दुवार पहुंचकर गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, उनकी जांच एवं विभिन्न बीमारियों का इलाज व दवाईयां उपलब्ध कराने हेतु जनकल्याणकारी योजना मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना क्रियान्वित की गई है। योजना के तहत डाक्टर, नर्स तथा अन्य मेडिकल स्टाफ व दवाईयों के साथ मोबाईल मेडिकल यूनिट स्लम क्षेत्रों में पहुंच रही है तथा वहां के निवासियों की निःशुल्क जांच व विभिन्न बीमारियों का इलाज कर रही है। नगर निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत विगत 06 नवम्बर से मोबाईल मेडिकल यूनिट निर्धारित कार्यक्रम के तहत वार्डो एवं बस्तियों में पहुंच रही है, वहीं अब तक निगम क्षेत्र में 576 शिविरों के माध्यम से 30058 व्यक्तियों की मुफ्त जांच एवं उनकी विभिन्न बीमारियों का इलाज किया गया।

<u>**रविवार 07 मार्च को इन स्थानों पर पहुंचेगी मेडिकल यूनिट–**</u> निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 07 मार्च 2021 रविवार को वार्ड क्र. 01 रामसागरपारा दलिया गोदाम मंच, वार्ड क्र. 10 संजयनगर केनाल रोड, वार्ड क्र. 18 चेकपोस्ट बस्ती मंच के पास, वार्ड क्र. 32 ड़िगापुर चर्च के पास, वार्ड क्र. 40 नेहरूनगर पार्षद घर के पास स्टेज, वार्ड क्र. 48 सुमेधा आशीष अग्रवाल के घर के पास, वार्ड क्र. 54 बरेठ मोहल्ला भण्डारा भवन सर्वमंगला, वार्ड क्र. 60 धरमपुर सामुदायिक भवन के पास मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो–सामान के साथ पहुंचेगी तथा प्रातः 08 बजे से अपरांह 03 बजे तक लोगों की निःशुल्क जांच एवं उनकी बीमारियों का मुफ्त में इलाज करेगी।